महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0/प्रपप्र./बी.एड./2023/1716-19/3256-59 दिनांक : 21.11.2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
बी.एड. महाविद्यालय,
सम्बद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः बी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2023–25 में सीधे प्रवेश किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक बी.एड. के सीधे प्रवेश हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के पत्र दिनांक 'B.U./JEE-B.Ed./2023/878' दिनांक 20.11.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बी.एड. महाविद्यालयों में सीधे प्रवेश हेतु पूर्व निर्धारित तिथि 20.11.2023 को दिनांक 23.11.2023 तक विस्तारित करने एवं अल्पसंख्यक संस्थानों में निर्धारित सीटों पर दिनांक 25.11.2023 से 27.11.2023 तक प्रवेश दिये जाने का निर्देश निर्गत किया गया है।

अतः महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध बी.एड. महाविद्यालय बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा निर्गत उक्त आदेश का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी (बी.एड.), बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी।
2. निजी सचिव–कुलपति।
3. प्रभारी–वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सम्बद्ध बी.एड. महाविद्यालयों को प्रेषित करने हेतु।

21/11/23

(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव